# SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN INDEPENDENT COLLEGE
## J.C. ROAD, BANGALORE - 560 027

**IInd MOCK PAPER**

## Sub : II PUC, HINDI

---

**समय : 3 घंटे 15 मिनट** **कुल अंक : 100**

---

**सूचना : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।**
**2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है ।**

---

**I. (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** 1 x 6 = 6

1. कर्तव्य करने से क्या बढ़ता है ?
2. पाँच भाई-बहनों में सबसे छोटी कौन है ?
3. विश्वेश्वरय्या का जन्म कहाँ हुआ ?
4. किसने पार्टी में नया रंग भर दिया था ?
5. स्वर्ग या नरक में निवास स्थान 'अलॉट' करने वाले कौन हैं ?
6. 'शिन्कोन्सेन' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** 3 x 3 = 9

7. चैत के महीने में खलिहानों में सतयुग के राज का वर्णन कीजिए ।
8. प्रदूषण के संबंध में गंगा मैया ने क्या कहा है ?
9. शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे ?
10. भोलाराम की पत्नी ने नारद से भोलाराम के संबंध में क्या कहा ?
11. जापान में 'बुलेट-ट्रैन' पर टिप्पणी लिखिए ।

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?** 1 x 4 = 4

12. 'आधी रोटी खाओ, भगवान का भजन करो और पड़े रहो ।'
13. 'आइ एम रिअली प्राउड आफ यू ।'
14. 'जब से बीमारी से उठी हूँ नाक से साँस नहीं ले सकती ।'
15. 'गरीबी की बीमारी थी ।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्दी दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** 3 x 2 = 6

16. 'जिधर देखो उधर कर्त्तव्य ही कर्त्तव्य देख पड़ते हैं ।'
17. 'यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी ।'
18. 'क्यों, माँ, साहब को फुलकारी बहुत पसंद हैं, इन्हें एक ऐसी फुलकारी बना दोगी न ।'
19. 'यहाँ तो डेंटिस्ट मक्खी मानते होंगे ।'

**III.** **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **1 x 6 = 6**

20. वाणी कहाँ रह गई ?
21. प्रेमी चित्त कब उजला होता है ?
22. बेटी सजने-धजने से क्या महसूस करती है ?
23. कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को किसने सींचा है ?
24. जंगल को क्या हो जाने से बचाना है ?
25. इन्द्रपुरी किसके सामने पानी भरती है ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **3 x 2 = 6**

26. अहंकार के संबंध में रहीम के विचार व्यक्त कीजिए ।
27. जीवन की सार्थकता किसमें है ?
28. 'कायर मत बन' कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देते हैं ?
29. राजस्थान की वीरता के संबंध में 'मानव' के क्या विचार हैं ?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए ।** **4 x 2 = 8**

30. ऊधौ हम आजु भई बड़-भागी ।
जिन अँखियन तुम स्याम बिलोके, ते अँखियाँ हम लागीं ।
जैसे सुमन-बास लै आवत, पवन मधुप अनुरागी ।
अति आनंद होत है तैसै, अंग-अंग सुख रागी ।

**अथवा**

कनक कनक तै सौगुनौ, मादकता अधिकार ।
उहिं खाऐं बौराइ, इहिं पाऐं ही बौंराइ ।।

31. मस्तक ऊँचा किए हिमालय, जिसके बल पर खड़ा हुआ ।
यह पंजाब केसरी है, अपने ही बल पर अड़ा हुआ
रण में तेग बहादुर जिसका बच्चा-बच्चा वीर है ।
भजनभाव में गुरू नानक की वाणी जैसा धरती है ।

**अथवा**

मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही
हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए ।

**IV.** **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **1 x 5 = 5**

32. हल्की सी खरोंच भी दवा न लगने पर क्या बन जाती है ?
33. बेला के अनुसार परिवार की सदस्या उससे किस प्रकार डरती है ?
34. सुशीला किसके लिए बेचैन है ?
35. प्रेम के बिना किसका मूल्य नहीं है ?
36. वसंत ऋतु में किसके स्वर से सभी परिचित हैं ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5 x 2 = 10**

37. बेला की मानसिक दशा का वर्णन कीजिए ?

**अथवा**

दादा जी की क्या आकांक्षा थी ?

38. भारवि से संबंधित माता-पिता के बीच होने वाले प्रारंभिक संवाद का सार लिखिए ।

**अथवा**

भारती और सुशीला के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए ।

***V.*** **अ) वाक्य शुद्ध कीजिए** **1 x 4 = 4**

39. i. हमारा नौकर बोला-बाला है ।

ii. रोगी को काट कर सेब खिलाओ ।

iii बाजार गए हैं पिताजी ।

iv. मैं आप पर इज्जत करता हूँ ।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए ।** **1 x 4 = 4**

**(ने, के लिए, को, में)**

40. i. पिताजी बबलू ...... सारकिल लाए ।

ii. अग्निबाण रावण के ह्रदय ...... जा लगा ।

iii. मोहन ने रमेश .... बुलाया ।

iv. श्री राम ..... युद्ध किया ।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **1 x 3 = 3**

41. i. भालू नाच रहा है । (भविष्यत् काल में बदलिए)

ii. सुबह से वर्षा हो रही थी । (वर्तमान काल में बदलिए)

iii. मोहन देश की सेवा करता है । (भूतकाल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **1 x 4 = 4**

42.

| | |
|---|---|
| 1. टका सा जवाब देना | 1. बिल्कुल पता न लगना । |
| 2. कानों-कान खबर न होना | 2. धनी होना । |
| 3. लक्ष्मी की कृपा दृष्टि होना | 3. चैन छीन लेना । |
| 4. नींद हराम करना | 4. साफ इंकार करना । |

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** **1 x 3 = 3**

43. i. भील ii. मादा iii. प्रिय

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :** **1 x 3 = 3**

44. i. जो काम कठिन हो ।

ii. जहाँ जाने में कठिनाई हो ।

iii. जिसका इलाज न हो सके ।

**1 x 2 = 2**

**ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए :**

45. i. दान  ii. रूप

**ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए :** **1 x 2 = 2**

46. i. लाइलाज  ii. बदतमीज

***VI.*** **अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** **1 x 5 = 5**

47. i. मित्रता ।

ii. साँच बराबर तप नहीं ।

iii. भारत में आतंकवाद ।

**अथवा**

नया बस मार्ग आरंभ करने के लिए बेंगलुरु परिवहन निगम (बी.एम.टी.सी.) के महाप्रबंधक को पत्र लिखिए ।

**1 x 5 = 5**

**आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

बच्चे अब खिलौने ले रहे हैं । महमूद सिपाही लेता है, मोहसिन को भिश्ती पसंद आया । नूरे को वकील से प्रेम है । ये सब दो-दो पैसे के खिलौने हैं । हामिद के पास कुल तीन पैसे हैं । वह मिट्टी के कमज़ोर खिलौने को पसंद नहीं करता, क्योंकि वे महँगे भी हैं । इसीलिए वह लोहे की दुकान पर जाता है । वहाँ उसे ख्याल आता है, ''दादी के पास चिमटा नहीं है । चिमटे के बिना रोटी सेंकते समय उसका हाथ जलता है ।'' यह सोचकर उसने तीन पैसे में एक चिमटा खरीद लिया । उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**प्रश्न :**

क. हामिद के पास कितने पैसे है ?

ख. नूरे, मोहसिन और महमूद ने कौन-कौन से खिलौने लिए ?

ग. यदि उसके पास अधिक पैसे होते, तो क्या वह खिलौने खरीदा ?

घ. हामिद ने अपने लिए खिलौना क्यों नहीं खरीदा ?

ङ. हामिद ने चिमटा ही क्यों खरीदा ?

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।** **1 x 5 = 5**

1. Do not waste time come soon.
2. Vivekananda is a person of high character.
3. You can see me at any time.
4. I couldn't go to Bangalore due to personal engagements.
5. The Science is a boon and a bane too.

* * *

**SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN INDEPENDENT COLLEGE**
**J.C. ROAD, BANGALORE - 560 027**

**MOCK PAPER - 1**

**Sub : II PUC, HINDI**

समय : 3 घंटे 15 मिनट | कुल अंक : 100

सूचना : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है ।

**I. (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** 6 x 1 = 6

1. मन ज्यादा देर तक दुविधा में पड़ा रहा तो क्या आ घेरेगी ?
2. अजमेर से पहले मन्नू के पिता कहाँ थे ?
3. विश्वेश्वरय्या का पूरा नाम लिखिए ।
4. माँ क्या गाने लगी ?
5. बड़े साहब के कमरे के बाहर कौन ऊँघ रहा था ?
6. गौतम बुद्ध को जापानी भाषा में क्या कहते हैं ?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** 3 x 3 = 9

7. समाज में कौन-कौन सी समस्याएँ बढ़ रही हैं ?
8. सुजान महतो की संपत्ति बढ़ी तो क्या करने लगा ?
9. चीफ़ की दावत के समय माँ की मनोदशा का वर्णन कीजिए ।
10. बड़े साहब ने नारद से दफ्तरों के रीति-रिवाज़ के बारे में क्या कहा ?
11. जापान के भारतीय रेस्तराँ 'कलकत्ता' का वर्णन कीजिए ।

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?** 4 x 1 = 4

12. 'क्रोधी तो सदा के हैं । अब किसी की सुनेंगे थोड़े ही ।'
13. 'यू हैव मिस्ड समथिंग ।'
14. 'माँ का क्या होगा ।'
15. 'महाराज, मेरी सावधानी में बिलकुल कसर नहीं थीं ।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** 2 x 3 = 6

16. 'इसलिए हमारा यह धर्म है कि हमारी आत्मा हमें जो कहे, उसके अनुसार हम करें ।'
17. 'पिता के ठीक विपरीत थीं हमारी बेपढ़ी-लिखी माँ ।'
18. 'जानती नहीं, साहब खुश होगा, तो मुझे तरक्की मिलेगी ?'
19. 'इनकी हर मंज़िल पर इतनी जगह जानबूझकर छोड़ी गई है जो भूकम्प के धक्के सह सके ।'

***III.*** **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **6 x 1 = 6**

20. सूरदास किसकी शोभा पर बलि जाते हैं ?
21. बाँसुरी किस रंग की है ?
22. बेटी रंगीन कपड़े पहनने से क्यों इनकार करती है ?
23. कवि नरेन्द्र शर्मा ने किसे अधिक अपावन कहा है ?
24. वृक्ष की पगड़ी कैसी है ?
25. भारतीयता कहाँ बहु रूप में सँवरती है ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **2 x 3 = 6**

26. कर्मयोग के स्वरूप के बारे में रहीम के क्या विचार हैं ?
27. बादल एवं वसन्त ऋतु से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?
28. बिहार राज्य की भव्यता का वर्णन कीजिए ।
29. पीड़ित व्यक्ति की संवेदना को कवि दुष्यन्त कुमार ने किस प्रकार व्यक्त किया है ?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए ।** **2 x 4 = 8**

30. दोउ भुज पकरि, कहयौ कहँ जैहौ माखन लेउँ मँगाई ।
तेरी सौं मैं नेकुँ न खायौ, सखा गये सब खाइ ।
मुख तन चितै, बिहँसि हरि दीन्हौ, रिस तब गई बुझाई ।
लियौ स्याम उर लाइ ग्वालिनी, सूरदास बलि जाइ ।।

**अथवा**

या अनुरागी चित्तकी, गति समुझै नहिं कोइ ।
ज्यौं - ज्यौं बूड़ै स्याम रंग, त्यौं त्यौ उज्जलु होइ ।।

31. ले-देकर जीना क्या जीना ?
कब तक गम के आँसू पीना ?
मानवता ने सींचा तुझको
बहा युगों तक खून-पसीना ।

**अथवा**

हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर, हर गाँव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए ।।

***IV.*** **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **5 x 1 = 5**

32. छोटी बहू के मन में किसकी मात्रा जरूरत से ज्यादा है ?
33. बंसीलाल का लड़का गली के सिरे पर क्या कर रहा था ?
34. शास्त्रार्थ के नियमों में किसके हृदय को नहीं बाँधा जा सकता ?
35. श्रीधर पंडित के घर की सेविका का नाम लिखिए ।
36. शास्त्रार्थ के लिए जाते समय भारवि ने किस रंग के कपड़े पहने हुए थे ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2 x 5 = 10**

37. इन्दु के मुँह से दादाजी की बात सुनकर बेला ने क्या कहा ?

**अथवा**

दादाजी का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

38. सुशीला के अनुरोध पर श्रीधर ने भारवि को कहाँ-कहाँ और कैसे तलाश करने का वचन दिया ?

**अथवा**

प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए ।

***V.*** **अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** **4 x 1 = 4**

39. (i). सभा ने कवि को पुरस्कार अर्पित किया ।
(ii). हम लोग कलकत्ता को जा रहे है ।
(iii). मुझे सारा सामान उठाने पड़े ।
(iv). दोपहर के आगे मिलना ।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए ।** **4 x 1 = 4**

**(कठिन, मूर्ख, अवाक्, विस्मय)**

40. (i). सुग्रीव इतना ...... नहीं हो सकता ।
(ii). राम ने कुछ ...... के स्वर में कहा ।
(iii). युवराज अब तो चलना .... है ।
(iv). सब के सब ..... खड़े रह गए ।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **3 x 1 = 3**

41. (i). महादेवी जी उच्च शिक्षा प्राप्त महिला है । (भूतकाल में बदलिए)
(ii). छात्र अपनी-अपनी कक्षा और वर्ग की पंक्ति में खड़े थे । (वर्तमान काल में बदलिए)
(iii). इस क्षेत्र में उसे पर्याप्त सफलता मिली है । (भविष्यत् काल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **4 x 1 = 4**

42.

| | |
|---|---|
| 1. आधा तीतर आधा बटेर | क. सुनी अनसुनी करना । |
| 2. इति श्री होना | ख. अनुभवहीन होना । |
| 3. कान में तेल डाले बैठना | ग. बेमेल काम । |
| 4. दूध के दाँत न टूटना | घ. समाप्त होना । |

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** **3 x 1 = 3**

43. (i) रक्षक (ii) कुम्हार (iii) चंचल

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :** **3 x 1 = 3**

44. (i) पति-पत्नी का जोड़ा ।
(ii) गायों के रहने का स्थान ।
(iii) चुनाव में मत देने की क्रिया ।

**ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिए :** **2 x1 = 2**

45. (i) चलन (ii) पसंद

**ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए :** **2 x 1 = 2**

46. (i) मेधावी (ii) अड़ियल

***VI.*** **अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** **1 x 5 = 5**

47. (i) वन संरक्षण : महत्व एवं उपयुक्तता ।

(ii) आत्म-सम्मान ।

(iii) भारतीय राजनीति : नये क्षितिज ।

**अथवा**

अपने नगर की सड़कों की दुर्व्यवस्था की शिकायत करते हुए नगरपालिका को एक पत्र लिखिए ।

**5 x 1 = 5**

**आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

48. गुरू-नानक दिव्य-पुरुष थे । उनका जन्म, उनके कार्य, उनकी सीख सब कुछ अलौकिक थे । लाहौर के पास राई भोई नामक तलवण्डी ग्राम था, जो पहले इर्द-गिर्द घना जंगल था, जन-शून्य और सुनसान वातावरण परिवेष्टित था और प्राचीन भारत की वन भूमि का स्मरण कराता था । यहीं विक्रम संवत् 1526 के बैसाख पर शुक्ल पक्ष की तृतीया, तदनुसार 5 अप्रैल सन् 1469 ई. को गुरू नानक का जन्म हुआ था । बाद में यही स्थान 'नानाकाना' के नाम से प्रसिद्ध हुआ । शान्ति के दिव्य दूत की जन्म-स्थली सम्भवतः ऐसी होनी चाहिए । जन्म के समय मुसलमान धाय दौलतन, यह देखकर अचम्भे में आ गयी कि नवजात शिशु रोने के स्थान पर वयस्को की तरह हँस पड़ा और उसने यह बात सारे गाँव के लोगों को बतायी । परिवार के ज्योतिषी श्री हरदयाल जब आये तो बालक को देखते ही उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम किया और कहा कि यह बालक आगे चलकर शाही छत्र के नीचे बैठेगा और हिन्दू तथा मुसलमान दोनों ही इसकी समान रूप से अभ्यर्थना करेंगे ।

**प्रश्न :**

1. गुरू नानक कौन थे ?
2. गुरू नानक का जन्म कब हुआ ?
3. गुरू नानक का जन्म स्थान किस नाम से प्रसिद्ध हुआ ?
4. मुसलमान धाय क्या देखकर अचम्भित हुई ?
5. परिवार के ज्योतिषी श्री हरदयाल ने बालक के बारे में क्या कहा ?

**5 x 1 = 5**

***VII.*** **अ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।**

49. 1. Learning and knowledge are the greatest assets of man.
    2. I am a servent of India.
    3. I can say today that the service of country is not less than the service of the world.
    4. We admit this that there are many kinds of evils prevailing in the country today.
    5. Students should not disturb their studies by involving themselves in the dirty game of Politics.

* * *